# समाजशास्त्र विभाग
# ए. पी. सेन मेमोरियल पी.जी. कॉलेज



**Prof. Shweta Tiwari**
**Head of the Dept.**
**shwetasocio@gmail.com**





**Dr. Kirti Gaur** **Narmada Maurya**
**Assistant Professor** **Assistant Professor**

लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध ए पी सेन मेमोरियल गर्ल्स कॉलेज का समाजशास्त्र विभाग सन 1955 में स्थापित हुआ।गौरवशाली परंपरा और विशिष्ट एथेनिक पहचान का धनी ए पी सेन कॉलेज का यह विभाग शैक्षणिक के सामाजिक सांस्कृतिक और समुदाय एक आयाम से समृद्ध रहा है विभाग के महत्वपूर्ण हस्ताक्षर डॉक्टर विभा दास मंजू गोयल प्रोफेसर मनु टंडन प्रोफेसर अंशु केडिया निवर्तमान प्राचार्या (खुनखुनजी गर्ल्स डिग्री कॉलेज ) एवं वर्तमान विभाग प्रभारी प्रोफेसर श्वेता तिवारी ( जो सन 2003 से विभाग से संबद्घ है) के सशक्त नेतृत्व में विभाग द्वारा कई महाविद्यालय राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय स्तर के संगोष्ठियों व्याख्यान माला रिसर्च वर्कशॉप जागरूकता अभियान इत्यादि कार्यक्रमों का सफल आयोजन कर कर स्वर्णिम अक्षरों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है विभाग में सन 2005 से परास्नातक (एम ए) पाठ्यक्रम आरंभ होने के साथ विभाग के त्वरित विकास को गति प्राप्त हुई

स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम में प्रथम नियुक्ति डॉ कीर्ति गौड के रूप में हुई ,जो वर्तमान में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं ।इसके अतिरिक्त नर्मदा मौर्य, असिस्टेंट प्रोफेसर विभाग की उन्नति के लिए सक्रिय योगदान दे रहे हैं।विभाग में छात्राओ के लिए पुस्तकालय, राष्ट्रीय स्तर के जनरल, पत्र पत्रिकाओं की व्यवस्था की गई है ।विभाग मे अध्यनरत कई विद्यार्थी आज प्रतिष्ठित पदों पर सेवारत हैं और कई महत्वपूर्ण पदों से सेवा निवृत्त भी हो चुके हैं।

## समाजशास्त्र विभाग के मुख्य लक्ष्य:

1 छात्राओं को आधुनिक चुनौती पूर्ण सामाजिक पर्यावरण के प्रति जागरूक करना
2 छात्रों में समाज के संसाधनों के प्रति संचेतना उत्पन्न करना
3 नई शिक्षा नीति के मापदंडों और के अनुरूप शैक्षणिक उन्नयन करना
3 छात्रों में छात्राओं में मानवीय मूल्य संबंधी परिपेक्ष विकसित करना
4 कानूनी सजाता सजगता संबंधित मुद्दों से अवगत कराना
5 वैश्विक परिदृश्य और सामाजिक जीवन में बदलाव के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना ।
6 समाज के उपेक्षित वर्गों के प्रति मानवतावादी सोच सोच जागृत करना।
7 नवीन और व्यवसायपरक समायोजन के प्रति तर्कसंगत दृष्टिकोण विकसित करना।

## समाजशास्त्र विभाग द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजनाएं:

1. विवेकानंद बुक बैंक*:* विभाग द्वारा छात्राओं को प्रत्येक सेमेस्टर निशुल्क पुस्तक उपलब्ध कराना।
2. *"*कैरी द चेंज*":* 2021 से संचालित इस योजना में प्रत्येक वर्ष लगभग 200 विद्यार्थियों द्वारा कपड़े के झोले के प्रयोग के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है ।
3. *"*ग्रीन लाइव बेटर लाइफ*":* अभियान के अंतर्गत पानी और ऊर्जा के संसाधनों की बचत के प्रति लोगों को छात्राओं द्वारा जागरूक किया जा रहा है ।
4. *"*दाना-पानी*":* प्रकृति की सुरक्षा के प्रति छात्राओं को जागरूक करने के लिए पशु पक्षी को दाना और पानी की व्यवस्था के प्रति जागरूक किया जाता है।
5. *"*शिक्षित बेटी सशक्त मां*":* महिला सशक्तिकरण के मंतव्य को सार्थक सिद्ध करने के लिए छात्राओं द्वारा जन जागरूकता और शिक्षा प्रौढ़ के अंतर्गत अपनी मां को पढ़ना और जागरूक करने की एक महत्वपूर्ण मुहिम विभाग द्वारा 2000से चलाई जा रही है।
6. लाइफ विद हैप्पीनेस*:* तनावपूर्ण जीवन में निराशा और अवसाद को दूर करने के लिए योग और काउंसलिंग के माध्यम से विभाग छात्राओं में मुस्कुराहट भरने की कोशिश कर रहा है।
7. प्रौढ शिक्षा अभियान*:* विभाग छात्राओं को प्रौढ शिक्षा के प्रति जागरूक करता है। प्रत्येक छात्रा को2 प्रौढ़ लोगों को शिक्षित करने का लक्ष्य दिया जाता है ।यह कार्यक्रम विगत कई वर्षों से कर रहा है ।
8. *"*इंटर्नशिप प्रोग्राम *(*मंगलमान अभियान*)":* नई शिक्षा नीति के अंतर्गत पिछले वर्ष से प्रारंभ इंटर्नशिप प्रोग्राम में "मंगलमान अभियान" के अंतर्गत 55 छात्राओं को ई-भंडारा ,ई- विसर्जन और पर्यावरण जागरूकता संबंधी मुद्दों पर इंटर्नशिप कराई गई।
9. फील्ड ट्रिप*:* विभाग द्वारा शोध प्रबंध की अभिरुचि छात्रों में उत्पन्न करने के लिए वृद्ध आश्रम ,अनाथ आश्रम राजकीय शरणालय शिरोस कैफे अनेक सामाजिक और संवेदनशील मुद्दों से जुड़े क्षेत्र का सर्वे कराया जाता है।
10. लघु शोध प्रबंध*:* विभाग द्वारा विगत वर्ष लगभग 70 छात्राओं ने "फर्स्ट टाइम वोटर" विषय पर 2500 उत्तरदाताओ के अध्ययन पर आधारित का रिसर्च कराई गई। सोशल मीडिया और युवा

,साइबर क्राइम, महिला ई रिक्शा चालक, पर्यावरण और सतत विकास ,फाइनेंस लिटरेसी विवाह के बदलते प्रतिमान, संस्कारों के बदलते आयाम और अन्य ज्वलंत मुद्दों पर रिसर्च कराई जाती है।

## समाजशास्त्र विभाग की होनहार धरोहर:

1. Dr Chandana Subba (M.A.2010)

Assistant Professor
Department of law and Governance
Central University of South Bihar

2. Dr Deepshika Pal (2010)

Assistant Professor Sociology
Krishna Devi Girls Degree College , Alambagh Lucknow

3. Poonam Tripathi (2011)

Teacher
GD goenka school Shaheed Path, Golf City

4. Lietuent Nidhi Aggarwal (2008)

Teacher
La Martinière Girls' College, Lucknow

5. Pooja Yadav (2008)

Sub-Inspector

## शोध विभाग द्वारा शोध प्रबंध का विवरण:

- **Prof Manu Tandon (Retired)**

1. रुचि यादव (Awarded)

महिलाओं में भूमिका संघर्ष मोहनलालगंज तहसील की शैक्षणिक संस्थाओं का समाजशास्त्रीय अध्ययन

2. प्रतिभा सिंह

प्रवचन का ग्रामीण सामाजिक संरचना पर प्रभाव :उत्तर प्रदेश के 6 गांव का समाजशास्त्रीय अध्ययन

3. अजय कुमार मौर्य

स्थानीय जल संपदा और सोनभद्र के आदिवासी समाज के बीच अंतर प्रभावों का समाजशास्त्रीय अध्ययन

4. Nikita Tandon

Dynamics of Consumer Culture in Urban and Peri Urban Areas :A Sociological Study of Lucknow

- **Prof. Shweta Tiwari (H.O.D)**

1. Shalini Patel (Awarded)

Reproductive and Child Health Care in Rural Uttar Pradesh: A Sociological Study of Two Villages of Uttar Pradesh

2. Sachi Nigam (Submitted)

जेंडर एवं कार्य :लखनऊ के बैंकों में कार्यरत महिलाओं का समाजशास्त्रीय अध्ययन

3. Ashish Kumar Verma

जाति  राजनीति एवं गतिशीलता: उत्तर प्रदेश की कुर्मी जाति का एक समाजशास्त्रीय अध्ययन

4. स्वाती शुक्ला

अंतिम संस्कार संबंधी परंपराओं में परिवर्तन : कानपुर महानगर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के कान्यकुब्ज ब्राह्मणों का एक समाजशास्त्रीय अध्ययन

5. Riyanka Gupta

मूल्यों की सामाजिक संरचना तथा गीता :लखनऊ महानगर में इस्कॉन के अनुयायी युवाओं का समाजशास्त्रीय अध्ययन

6. Kajal Yadav

वित्तीय समावेशन का ग्रामीण क्षेत्रों पर प्रभाव: एक समाजशास्त्रीय अध्ययन (चंदौली जिला के विशेष संदर्भ में)

7. Pratibha Chaubey (JRF)

Course work

8. Madhavi Anand (JRF)

Course work

---



## ए पी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज की छात्रा ने प्राप्त की पीचडी डिग्री

लोकभारती न्यूज़ ब्यूरो

लखनऊ। चारबाग क्षेत्र में स्थित ए पी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज लखनऊ के स्वर्णिम सफर में एक नया अध्याय जुड़ गया जब महाविद्यालय की पहली शोध छात्रा की पीएचडी पूर्ण हो गई। 1902 में महाकाली पाठशाला के रूप में स्थापित दो कमरों की छोटी सी संस्था अपने जीवन काल में विभिन्न पड़ाव यथा 1944 में हाईस्कूल, 1947 में इंटरमीडिएट, 1955 में स्नातक तथा 2001 में परास्नातक स्तर को पार कर अब 2023 में शोध केंद्र के मुकाम पर पहुंच गई है।

समाजशास्त्र विभाग की शोध पर्यवेक्षक प्रोफेसर श्वेता तिवारी के निर्देशन में शोध छात्रा कुमारी शालिनी पटेल की मौखिकी परीक्षा हेतु लखनऊ विश्वविद्यालय में संपन्न हुई जिसके बाद ए पी सेन कॉलेज को यह गौरव प्राप्त हुआ।

इस उपलब्धि पर महाविद्यालय की प्रबंध समिति ने प्राचार्या तथा समस्त स्टाफ को शुभकामनाएं प्रेषित कीं तथा कॉलेज के विकास हेतु निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

प्राचार्या ने प्रोफेसर श्वेता तिवारी को महाविद्यालय के लिए इतिहास रचने पर बधाई दी एवं आशा व्यक्त की कि सभी प्रवक्ता एवं कर्मचारी इसी प्रकार मेहनत एवं लगन से आगे भी कार्य करते रहेंगे। ज्ञातव्य है कि महाविद्यालय की प्रवक्ताओं को शोध पर्यवेक्षण की अनुमति लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा हाल में ही प्रदान की गई थी।



## जयंती पर एपी सेन को किया याद



## पॉलिथीन की जगह कपड़े के झोले के प्रयोग पर जोर

अमृत विचार, लखनऊ : एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज के समाजशास्त्र विभाग की ओर से पर्यावरण संरक्षण के प्रति बच्चों को जागरूक करने के लिए एक अभियान चलाया गया। इस दौरान समाजशास्त्र विभाग के बीए और एमए की छात्राओं ने जागरूकता रैली भी निकाली। एपी सेन कॉलेज के प्राइमरी के कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों में पर्यावरण संरक्षण जैसे संवेदनशील मुद्दे के प्रति जागरूक किया।



## अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर बालिका विद्यालय में हुईं प्रतियोगिताएं

पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई और भारत रत्न महामना मदन मोहन मालवीय की जयंती की पूर्व संध्या पर शहर के विभिन्न शैक्षिक संस्थाओं में कार्यक्रम आयोजित किए गए। कहीं पर काव्य पाठ तो कहीं पर निबंध और क्विज प्रतियोगिता आयोजित हुई।

### एपी सेन गर्ल्स महाविद्यालय: 'क्या हार में, क्या जीत में...'



## एपीसेन की पहली शोध छात्रा की पूरी हुई पीएचडी

अमृत विचार, लखनऊ : एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज महाविद्यालय की पहली शोध छात्रा की पीएचडी पूर्ण हो गई। समाजशास्त्र विभाग की शोध पर्यवेक्षक प्रो. श्वेता तिवारी के निर्देशन में शोध छात्रा कुमारी शालिनी पटेल की मौखिकी परीक्षा मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में संपन्न हुई। जिसके बाद ए पी सेन कॉलेज को यह गौरव प्राप्त हुआ है। महाविद्यालय की प्रबंध समिति ने प्राचार्या तथा समस्त स्टाफ को शुभकामनाएं दी हैं। प्राचार्या ने प्रोफेसर श्वेता तिवारी को महाविद्यालय के लिए इतिहास रचने पर बधाई दी, साथ ही आशा व्यक्त की कि सभी प्रवक्ता एवं कर्मचारी इसी प्रकार मेहनत एवं लगन से आगे भी कार्य करते रहेंगे। बतादें कि महाविद्यालय की प्रवक्ताओं को शोध पर्यवेक्षण की अनुमति लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा हाल में ही दी गई थी।




ए.पी. सेन मेमोरियल गर्ल्स पी.जी. कॉलेज


Lucknow, Uttar Pradesh, India






ए.पी. सेन मेमोरियल गर्ल्स पी.जी. कॉलेज




**विभाग की सोशल मीडिया साइट्स:**

- **Department Youtube:** https://youtube.com/@apsensociology?si=oagIs JtOnE oPdeL https://youtube.com/
- **Department Instagram:**https://www.instagram.com/apsen_sociologydepartment02